## खबर संक्षेप

### समग्र ई-केवाईसी की प्रगति पर आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**कटनी।** नगर निगम क्षेत्र में समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार से शत प्रतिशत ई केवाईसी करने हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर वार्ड स्तरीय शिविर आयोजित किए जा रहे है। ई केवाईसी की समीक्षा के दौरान संतोषजनक प्रगति न होने पर निगम आयुक्त श्री विनोद कुमार शुक्ल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पुनः सभी वार्डो में शिविर आयोजित करने तथा सभी वार्ड प्रभारी को ई केवाईसी की धीमी प्रगति के कारण नोटिस जारी करने एवं अपेक्षित प्रगति न लाने पर वेतन भुगतान रोके जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। 02 अप्रैल 2024 की स्थिति में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल लंबित ई केवाईसी की संख्या 271923 एवम पूर्ण सत्यापित ई केवाईसी की संख्या 90997 है। निगमायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है की अपने दस्तावेजों सहित वार्ड शिविर स्थल, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, सीएससी अथवा स्वयं समग्र पोर्टल के माध्यम से केवाईसी अवश्य करायें। इस दौरान उपायुक्त पीके अहिरवार, योजना प्रभारी रविशंकर पांडे, प्रभारी ई-गवर्नेंस संदीप पाठक की उपस्थिति रही।

### स्थाई महिला वारंटी को न्यायालय में किया पेश

**कटनी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में स्थाई वारंटियों की धरपकड का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया के मार्गदर्शन में डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह के दिशा निर्देश में आचार संहिता के चलते जिले जिलेभर में स्थाई वारंटी की घर पकड़ अभियान के तहत थाना प्रभारी रीठी राजेंद्र मिश्रा एवं चौकी प्रभारी सलैया एएसआई विजेंद्र तिवारी द्वारा महिला स्थाई वारंटी वर्षा पति स्वा राम लखन चौधरी को न्यायालय पेश करनें की कार्यवाही की गई।

### जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने ई- उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहूँ पंजीयन एवं उपार्जन हेतु निर्धारित पंजीयन, उपार्जन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा कठिनाइयों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। यह नियंत्रण कक्ष कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता कलेक्ट्रेट कक्ष क्रमांक 115 में स्थापित किया है जिसका दूरभाष क्रमांक 07622-222611 है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अनीता कोल वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक को नियुक्त किया है। नियंत्रण कक्ष में सोमवार से शनिवार तक प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक अलग-अलग अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन संबंधी किसी प्रकार की समस्या होने पर कंट्रोल रूम प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी को सूचित कर निराकरण कराने के निर्देश दिए है।

### मतभेद फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही

**कटनी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिले में सोशल मीडिया पर धारा-144 लागू की है। इस प्रतिबंधात्मक आदेश एक बाद सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक, जातिगत प्रतिरोध तथा हिंसा की परिस्थितियों में असामाजिक तत्वों द्वारा दुरुपयोग कर भ्रम फैलाने, अफवाहों को प्रसारित करने तथा जातिगत एवं सामाजिक विद्वेष के लिए प्रेरित करने वालो पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल साइट्स के अलावा सोशल मीडिया के माध्यम व्हाटस अप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम तथा पोर्टल आदि के माध्यम से वैमनस्यता फैलाने वाली फ़ोटो वीडियो व अन्य सामग्री पोस्ट करना या उस पर प्रतिक्रिया देना या क्रॉस कमेंट या फॉरवर्ड करना प्रतिबंधित किया गया है।

### स्टेशन में जांच के दौरान पकड़े गए शातिर, यात्री ट्रेनों में करते थे चोरी की वारदात

# जीआरपी ने दो शातिर बदमाशों को पकड़ा, 2 लैपटॉप सहित 19 मोबाइल किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





जीआरपी ने यात्री ट्रेनों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से दो लैपटॉप सहित 19 मोबाइल भी बरामद किया गया है। जीआरपी प्रभारी अरूणा वाहने ने बताया कि प्लेट फार्म व चलित ट्रेनो, आउटरों मे यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओ की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जीआरपी स्टाफ द्वारा रेल्वे स्टेशन कटनी चैक किया जा रहा था। चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति आकाश मलिक पिता बब्बू मलिक 25 वर्ष निवासी शंकर टाकीज सराय मोहल्ला थाना कोतवाली तथा मंजा सिंह राजपूत पिता मुन्ना सिंह राजपूत 20 वर्ष निवासी न्यू बस स्टैण्ड सूर्या होटल के पीछे गली नं. 13 थाना कुठला मिले जिन्हें थाना लाकर पूँछताछ की गई तो उन्होंने यात्री ट्रेनो मे लागातार चोरीयां करना स्वीकार किया।

आरोपियों से पृथक पृथक पूछताछ किया गया तो आकाश मलिक के कब्जे से एक लैपटाप डेल कंपनी का कीमती 35 हजार रूपये का, एक मोबाईल रेडमी नोट-7 एस कंपनी का नीले रंग का कीमती 9999 रूपये एवं विभिन्न कंपनियों के कुल 19 नग मोबाईल कुल कीमती 2 लाख 15 हजार रूपये का 6 माह पूर्व से आज दिनांक तक के रेलवे स्टेशन कटनी, साउथ, मुडवारा स्टेशनों व स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों से चोरी किया बताये जाने से अपराधिक संपत्ति पाये जाने से धारा 102 जाफौ. के अंतर्गत जप्त किया गया।

आरोपी आकाश मलिक से कुल कीमती 2 लाख 59 हजार 999 रूपये का मशरूका जप्त किया गया।

मंजा सिंह राजपूत से पूछताछ किया गया जिसके पास से एक एसआर कंपनी का लैपटाप मय चार्जर के कीमती 50 हजार रूपये का जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 3 लाख 9 हजार 999 रूपये का मशरूका जप्त किया गया है। उक्त आरोपियों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्य मे लगे अधिकारियों कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक रेल द्वारा नगद ईनाम से पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अरूणा वाहने, सउनि रघुवर झारिया, सेवक राम सैयाम, प्र.आर. मनोज मिश्रा, प्र.आर. राघवेन्द्र शर्मा, आर. अनुज कुमार, आर. प्रवीण तिवारी, आर. सरफराज खान एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# शराब दुकान खोले जाने के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

ग्राम जगतपुर उमरिया की शौर्या दल की महिलाओं ने जगतपुर उमरिया में शासन के द्वारा शराब दुकान खोलने की अनुमती दिए जाने पर ग्राम में बैठक कर शराब दुकान खुलने पर विरोध स्वरूप प्रस्ताव पारित किया है। शौर्या दल से श्रीमती काशी बाई विश्वकर्मा एवम श्रीमती धनिया बाई विश्वकर्मा ने बताया की शासन ने हाल ही में जगतपुर उमरिया को आदर्श ग्राम घोषित किया है तथा ग्राम सभा मे आदर्श ग्राम की कार्य योजना भी तैयार की गई है उसके बावजूद भी ग्राम जगतपुर उमरिया में शराब दुकान खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है जो ग्राम के लोगों के साथ अन्याय है।

#### करेंगे चुनाव का बहिष्कार

ग्राम की महिलाएं ग्राम में शराब दुकान खोले जाने का विरोध करेंगी व यदि ग्राम से शराब दुकान नही हटाई जाएगा तो ग्राम की महिलाएं आगामी चुनाव का बहिष्कार करेंगी जिसकी जबाबदेही शासन की होगी।

### मतदाताओं की शंकाओं का समाधान है वीवीपैट मशीन

**कटनी।** लोकसभा चुनाव 2024 में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के साथ-साथ वीवीपैट मशीन का भी उपयोग किया जायेगा। वीवीपैट मशीन के जरिये वोटर जान सकेगा कि उसने जिस उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह का बटन दबाया है, वह उसी के खाते दर्ज हुआ है या नहीं। वोटर के मन में कोई शंका नहीं रहेगी। जैसे ही वोटर अपना वोट बटन दबाकर देगा, वीवीपैट मशीन की विंडो पर यह दिखाई पड़ेगा कि उसका मत किस चुनाव चिन्ह पर दर्ज हुआ है। वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) एक स्वतंत्र इकाई है, जो कि ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से जुड़ी रहेगी। जैसे ही वोटर अपना वोट कास्ट करेगा वह पारदर्शी विंडो जो कि वीवीपैट मशीन में लगी है, उससे वह सात सेकंड तक देख सकेगा कि उसने किस अभ्यर्थी, किस चुनाव चिन्ह व किस क्रम में अपना मत दिया है। सात सेकंड के बाद यह स्लिप कटकर मशीन के एक सीलबंद ड्राप बॉक्स में गिर जाएगी। मतदाताओं का भरोसा बढ़ाने के लिये ईवीएम को वीवीपैट से जोड़ा गया है। इससे मतदाताओं को अपना मतदान बिल्कुल सही होने की पुष्टि करने में मदद मिलती है।

*रैली एवं नारों से शत प्रतिशत मतदान करने किया प्रेरित*

# गढ़ौहा एवं झिरिया गांव में किया गया मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर एवं डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत वनगवां में आर. सी. इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत गढ़ौहा एवं झिरिया गांव में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में नारों के माध्यम से ग्रामीण जनों को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा, भावी एवं अन्य सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताने के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव मतदान दिवस को मतदान केंद्रों में जाकर अधिक से अधिक मतदान स्वयं करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

कार्यक्रम के दौरान डॉ अरविन्द सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. विश्वकर्मा तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, विद्यालय संचालक धर्मपाल साहू, विक्रांत पाल साहू, राम मनोज मिश्रा, अनुज चतुर्वेदी, मनीष साहू, मनोज कुमार चौधरी, सिशांत गुलाटी, रासेयो स्वयंसेवक विक्रम जयसवाल, अनुज यादव, संतोष साहू, ललन लोहार, राम भजन, निखिल गुप्ता, निखिल दुबे, शिवानी पटेल, निधी पटेल, शिवम गुप्ता, रामकृपाल रजक, मानसी मिश्रा,अमित पटेल, दीपांशु तिवारी, शिवानी सेन, शुभ सोनी, रामजी जयसवाल, संस्कार एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

## दिव्यांग एवं मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में मंगलवार को विकासखण्ड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत पोंड़ी खुर्द में दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सी.ई.ओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित इस शिविर में दिव्यांग एवं वृद्धजनों को निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए सक्षम एप पर पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे मतदान के दिन दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को व्हीलचेयर अथवा स्वयं सेवकों के माध्यम से मतदाता बूथ तक ले जाया जा सके। इस दौरान शिविर में उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई जाकर लोकसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग कर मजबूत लोकतंत्र की स्थापना करने हेतु प्रेरित किया गया।

# मौसम साफ होते ही चिलचिलाती गर्मी लू से बचने जारी की गई एडवायजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि अत्यधिक गर्मियों में लू (तापघात) की संभावना बढ़ जाती है यह जानलेवा भी हो सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी ने उक्ताशय में जानकारी देते हुए बताया है कि जिले में समस्त स्वास्थ्य संस्था प्रभारी एवं मैदानी स्तर पर कार्यरत अमले को हीट स्ट्रोक संबंधी दिशा निर्देशों से अवगत करा दिया गया हैं, साथ ही जिले कि समस्त स्वास्थ्य संस्थाओ पर हीट स्ट्रोक मेनेजमेंट संबंधित आवश्यक व्यवस्थायें, समस्त प्रकार की जीवन रक्षक औषधि पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता, स्वास्थ्य संस्थाओं पर ओ.आर.एस. कॉर्नर बनाये जाने तथा आमजन को ओ.आर.एस का उपयोग तथा लाभ के बारे में जानकारी प्रदान किया जाना, लू के लक्षण, बचाव तथा लू लगने पर किये जाने वाले प्रारंभिक उपचार लू के प्रबंधन एवं उपचार हीट रैशेस, क्या करें क्या न करें, निर्जलीकरण, गर्मी के मौसम जल जनित रोगों का प्रबंधन एवं रोकथाम संबंधित प्रचार-प्रसार एवं प्रशिक्षण व्यापक रूप से किए जाने के लिए निर्देश सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को दिए जा चुके है, ताकि लू के कारण होने वाली मृत्यु को रोका जा सके।

वर्तमान में जिले में सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में पर्याप्त मात्रा में औषधि उपलब्ध है, साथ ही मैदानी स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर लू के कारण लक्षण एक निदान के सबंध में जानकारी आमजन को प्रदान की जा रही है तथा इसके बचाव हेतु शीतल पेय पदार्थ, धूप से बचाव, बाजार में खुली खाद्य सामग्री को सेवन नहीं करने, अधिक पानी का सेवन निरंतर किए जाने, गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले कपड़ों का प्रयोग करनें, बिना भोजन किये बाहर न निकलनें, जहाँ तक संभव हो ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत और अन्य कार्य न करनें, बहुत अधिक भीड़ गर्म कमरो, रेल बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करनें आदि का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान जिले में में स्थिति सामान्य है।

*अवैध गतिविधियों एवं तस्करों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही*

# सरप्राइज वाहन चेकिंग के दौरान बाइक चालक से 30 हजार का गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



एक बाइक चालक से पुलिस ने 30 हजार रूपए कीमती गांजा बरामद किया है। गत दिवस ग्राम पिपरिया कला सिनगौडी रोड पर सरप्राईज वाहन चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एम.पी. 54 जेड.ए. 4654 डीलक्स ब्लू ब्लैक कलर का चालक वहां पर पहुंचा। जिसे चैकिग के दौरान स्टाफ की मदद से रोका गया। बाइक चालक हेल्मेट नही लगाया था। रोकने पर वह तत्काल चालान कटाने हेतु निवेदन करने लगा। आम तौर पर यातायात नियमो का उल्लघन करने वाले चालक चालान कटवाने में हीला हवली करते है किन्तु वह व्यक्ति शीघ्र पैसे निकालकर देने लगा। नाम पता पूंछने पर उसने अपना नाम दुर्गेश सिंह पिता राजकुमार सिंह रघवुशी निवासी घुनौर थाना वि.गढ जिला कटनी का होना बताया।

युवक की गतिविधि सग्दिध लगने पर उसकी पीठ पर टोंगे बैग पर संदेह होने से बैग निलकवाकर चैक किया गया तो उसमें कत्थे कलर के टैप में लिपटे तीन पैकिट दिखे। जिसे खोलकर चैक करने पर गांजा दिखाई दिया। बैग में लगभग 03 किलो. गांजा कीमत 30000 रुपये पाया गया। आरोपी से मोटर सायकिल को मौके में जप्त किया गया। आरोपी के विरुध्द एन.डी.पी.एस.एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरी. शैलेन्द्र सिंह सेंगर, स.उ.निरी. महेश सिंह, आर. संतोष यादव, वाहन चालक संजय पाडेय आदि थाना स्टाफ की भूमिका रही।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ के.पी. सिंह के व्दारा लगातार अवैध गतिविधियों में शामिल व मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### लोकसभा निर्वाचन के प्रशिक्षण सत्र में पहुंचे जिला पंचायत सीईओ

# सीईओ ने अंतिम पंक्ति में पीछे बेंच पर बैठकर प्रशिक्षण का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रियाएं अंतिम चरण में है। निर्वाचन को त्रुटि रहित, निर्विघ्न और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने का दायित्व आप लोगों का भी है। समस्त मतदान कर्मी प्रशिक्षण सत्र में अत्यंत गंभीरता से मॉक पोल,सीआरसी, निर्धारित प्रारूपों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप त्रुटि रहित भरने का अभ्यास अच्छे तरीके से करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ एवं निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री शिशिर गेमावत ने मंगलवार को झिंझरी स्थित सीएम राइज स्कूल (मॉडल) और सेंट पॉल स्कूल में चल रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों से कहीं। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों को आत्मसात करें, ताकि मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की असहज स्थिति निर्मित न हो।

#### सीईओ ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

निर्वाचन प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री गेमावत ने झिंझरी स्थित सीएम राइज स्कूल (मॉडल) के कक्ष क्रमांक दो में चल रहे प्रशिक्षण का अंतिम पंक्ति की बेंच पर बैठकर अवलोकन कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोक सेवकों से पूर्व के निर्वाचनो के दौरान आने वाली कठिनाइयों और समस्याओं के संबंध में फीडबैक लिया। मास्टर ट्रेनर धीरेंद्र अग्रवाल द्वारा पीपीटी के माध्यम से दिए जा रहे निर्वाचन प्रशिक्षण की सराहना की।

प्रशिक्षण ले रही सूर्या वर्मा, मनीषा दीक्षित,मनोज कुमार अग्रवाल, मनीषा बडगइयां और सूरजभान सिंह ने मतदान के दौरान तथा सामग्री वितरण और वापसी के दौरान आने वाली कठिनाइयों को जिला पंचायत सीईओ से साझा किया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतदान कर्मियों द्वारा मतदान दिवस के दिन, सामग्री वितरण एवं वापसी करते समय, परिवहन और नेटवर्क संबंधी समस्याओं और कठिनाइयों से अवगत कराने पर जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने लोक सेवकों को भरोसा जताया कि जिला प्रशासन द्वारा सुगम, सहज मतदान हेतु हर संभव व्यवस्थाएं मुहैया कराए जाने हेतु समुचित व्यवस्थाएं की जा रही है ताकि आपको असुविधा न हो।

#### मास्टर ट्रेनर्स की वीसी होगी

सीईओ श्री गेमावत ने प्रशिक्षण सत्र में बताया कि मास्टर ट्रेनर्स की वीसी के माध्यम से समीक्षा कर जानकारी ली जाएगी और आवश्यक तथा तथ्य परक विषयों पर आवश्यक सुधार किए जाएंगे। इस दौरान निर्वाचन प्रशिक्षण के सहायक नोडल अधिकारी डी के पासी, अभय कुमार जैन और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष भय-रहित वातावरण में संपन्न हो सके इस हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवि प्रसाद द्वारा असामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए थाना माधवनगर स्थित मेन बाजार निवासी दीपक मोटवानी उर्फ दीपू पिता सुरेश मोटवानी उम्र 29 वर्ष के विरूद्ध बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही करते हुए 06 माह की अवधि के लिए प्रतिमाह पुलिस थाना माधवनगर में उपस्थिति देने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है।

दीपक उर्फ दीपू असामाजिक तत्व एवं आदतन अपराधी है इसके विरूद्ध मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने, रास्ता रोककर गंभीर रूप से मारपीट करने, जुआ खेलने, अवैध वसूली करने संबंधी अपराध पंजीबद्ध उपरांत विवेचना उपरांत न्यायालय में विचाराधीन है। दीपू के विरुद्ध समय- समय पर आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद ने दीपक उर्फ दीपू मोटवानी को 6 माह की अवधि तक माह मे एक दिवस अपनी उपस्थिति माधवनगर थाने में दर्ज कराने हेतु आदेशित किया है।

## खबर संक्षेप




### स्लीमनाबाद में 24 घंटे तैनात रहेगा फायर ब्रिगेड वाहन

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर पुलिस थाना स्लीमनाबाद परिसर मे 24 घंटे फायर ब्रिगेड वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। इस वाहन द्वारा जिले के ढीमरखेड़ा, स्लीमनाबाद एवं बहोरीबंद के अग्नि दुर्घटना के मामलो पर त्वरित नियंत्रण पाया जा सकेगा। साथ ही स्लीमनाबाद की सभी तहसीलों से समान और केन्द्रीय स्थिति की वजह से यहां से कम समय पर फायर ब्रिगेड वाहन ढीमरखेड़ा, स्लीमनाबाद और बहोरीबंद के गांवों में पहुंचाया जा सकेगा। स्लीमनाबाद पुलिस थाना में फायर बिग्रेड नगर निगम कटनी द्वारा उपलब्ध कराया गया है। ग्रीष्म ऋतु में जंगल, आबादी क्षेत्र एवं खेत खलिहानों सहित अन्य स्थलों में अग्नि दुर्घटना के संभावनाओं के मद्देनजर कलेक्टर श्री प्रसाद ने एहतियातन सावधानी और सुरक्षा की दृष्टि से फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

### पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज मेंशामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे'।

### गुमशुदा को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** वर्ष 2020 में गुमशुदा रोशनी के पिता हरि प्रसाद लोधी ने चौकी सलैया थाना रीठी में रिपोर्ट की थी कि उनकी पुत्री रोशनी लोधी बिना बताए घर से कहीं चली गई है। गुमशुदा की तलाश कर चौकी प्रभारी सलैया एएसआई विजेंद्र तिवारी ने गुमशुदा की दास्याबी कर परिजनों को सौंप दिया है।

## एनकेजे एवं बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने तीन सटोरियों को पकड़ा

# आईपीएल क्रिकेट में जमकर लग रहा दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहरी क्षेत्र में इन दिनों क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले सटोरिये सक्रिय है। सटोरिये अब हाईटेक तरीके से सट्टा खिलाने का तरीका ईजाद कर लिये हैं। एनकेजे पुलिस ने गत शाम दिल्ली कैपिटल और सीएसके के बीच खेले जा रहे मुकाबले के दौरान क्रिकेट सट्टा खिलवाते दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन नगद रुपए और हिसाब किताब की पर्ची जप्त करते हुए उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी नीरज दुबे ने बताया कि अपना ढाबा के पीछे सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर दबिश देकर शर्मा कॉलोनी माधव नगर निवासी 27 वर्षीय दीपांकर मुखर्जी व मंगल नगर निवासी 30 वर्षीय ऋषभ चौबे को ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। सटोरियों के पास से तीन एंड्राइड मोबाइल, दो कीपैड मोबाइल, 20 हजार हिसाब किताब लिखी डायरी, 1750 रुपए नगद जप्त किए गए हैं। सटोरियों के खिलाफ धारा 4 का सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मामले की जांच की जा रही है।







इसी तरह बस स्टैंड पुलिस चौकी क्षेत्र में बीती रात कार के अंदर बैठकर क्रिकेट सट्टा खिला रहे एक युवक को पुलिस टीम ने पकड़ा है। पुलिस ने युवक के पास से 53 सौ रुपए नकद, हिसाब लिखी हुई पर्ची, दो मोबाइल और कार को जब्त कर लिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड पुलिस चौकी के बस स्टैंड परिसर में कार में बैठकर मुंबई इंडियन्स और राजस्थान रायल के बीच चल रहे क्रिकेट में हारजीत का दांव लगा रहे एक युवक को पकड़ा गया है। पकड़ा गया युवक बरही रोड सिंघई कॉलोनी निवासी लक्ष्य पिता राकेश चक्रवर्ती (32) है। पुलिस टीम ने आरोपी से कार, दो मोबाइल, हिसाब लिखी हुई पर्ची और 53 सौ रुपए नकद जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कार्रवाई में बस स्टैंड चौकी प्रभारी एसआई अंकित मिश्रा, एएसआई दीपेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक मनोज पटैल, नीरज पांडेय, सुशील पांडेय, आरक्षक मनु त्रिपाठी, सौरभ तिवारी की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिजीत रंजन के निर्देशन, एडि एसपी डॉ संतोष डेहरिया और सीएसपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई।





# डीपीएस में पीटीएम के साथ वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दिल्ली पब्लिक स्कूल कटनी में पेरेंट्स टीचर मीटिंग के साथ प्री-प्रयमरी पेरेंट्स टीचर से ग्यारहवीं कक्षा तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल इठे इस दौरान छात्रों के साथ ही अभिभावकों के चेहरे भी परीक्षा परिणाम से काफी प्रसन्न दिखे। प्राचार्या एवं उपप्राचार्या ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएँ दी।

परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम अंको के साथ प्रदर्शित किए गए एवं विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान अपने मित्रों एवं अन्य छात्रों के भी परीक्षा परिणाम जानने की उत्सुकता बच्चों एवं अभिभावकों में दिखी।

अभिभावको ने परीक्षा परिणाम के साथ शैक्षणिक, शारीरिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय की संचालिका श्रीमती जूही जैन ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम के लिए बधाइयाँ दी और कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुसार ही परिश्रम करने से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अगली कक्षा में जाने के लिए शुभकामनाएँ।

*शासकीय महाविद्यालय बरही में आयोजित हुआ कार्यक्रम*

# सात दिवसीय विशेष शिविर में शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले भर में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन के दौरान अपनें मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि के नेतृत्व में ग्राम पंचायत वनगवां के आर सी इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया गया इस दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित जन को शत- प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ लोकतंत्र में मतदान का महत्व को बताया गया साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों में जाकर अधिक से अधिक मतदान स्वयं करने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई।




कार्यक्रम में डॉ अरविन्द सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, धर्मपाल साहू तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक विक्रम जयसवाल, अनुज यादव, संतोष साहू, लालन लोहार, रामभजन, निखिल गुप्ता, निखिल दुबे, शिवानी पटेल, निधी पटेल, शिवम गुप्ता, राम कृपाल रजक, मानसी मिश्रा, अमित पटेल, दीपांशु तिवारी, शिवानी सेन, शुभ सोनी, रामजी जयसवाल एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता



मंगलवार को सी.ई.ओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह की मौजूदगी में जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विधानसभा स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सेन्टपाल उच्चतर माध्यमिक शाला झिंझरी में किया गया। प्रथम मैच मुड़वारा विधानसभा एवं बड़वारा विधानसभा के मध्य खेला गया जिसमें मुड़वारा विधानसभा की टीम विजेता रही। द्वितीय मैच विजयराघवगढ़ विधानसभा एवं बहोरीबंद विधानसभा के मध्य खेला गया जिसमें विजयराघवगढ़ विधानसभा की टीम विजेता रही। फाईनल मैच विजयराघवगढ़ विधानसभा एवं मुडवारा विधानसभा के मध्य खेला गया। जिसमें विजयराघवगढ़ विधानसभा की टीम ने 8 विकेट से जीत हासिल की। क्रिकेट टूर्नोमेंट के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह द्वारा मतदाता उपस्थित खिलाडियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई एवं अधिक से अधिक मतदान हेतु उपस्थित प्रतिभागियों को प्रेरित किया गया।

# महिला के पास से जब्त की गई 5200 रूपए की अवैध देशी शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बस स्टैंड चौकी पुलिस ने कैलवारा फाटक में एक महिला के पास से अवैध शराब जब्त की है। बताया जाता है कि महिला ने बेचने के लिए शराब का संग्रहण कर रखा था। बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

### मुखबिर से मिली थी सूचना

प्राप्त निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के निर्देशन में मुखबिर की सूचना के आधार पर केलवारा फाटक के समीप स्थित नोबल हार्ट स्कूल के पीछे 46 वर्षीय मुल्लो बाई सोनकर पति सुंदरलाल सोनकर को 30 पाव देसी प्लेन शराब एवं 20 भाव देसी मसाला शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। महिला से जब्त तक किए गए शराब की कीमत लगभग 5200 है। महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही की गई है।



*बरही से कटनी आई महिला के साथ हुई घटना*

# दो लाख के गहने सहित कपड़ों से भरा बैग हुआ गायब, पुलिस ने तलाश कर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही से कटनी आई एक महिला बस स्टैंड पहुंचने के बाद एक ई रिक्शा से चंडिका नगर गई। ई रिक्शा से उतरने के बाद इसका एक बैग लापता हो गया। बैग में लगभग 2 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर और जरूरत का अन्य सामान रखा था। बैग खो जाने के कारण रोती बिलखती महिला मदद की आस लेकर बस स्टैंड चौकी पहुंची।

महिला की पीड़ा समझते हुए मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल ही महिला के खोए हुए बैग की तलाश शुरू कर दी। कुछ घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने ई रिक्शा चालक के पास से बैग को सुरक्षित हासिल कर लिया। बैग वापस मिलने के कारण महिला एक बार फिर खिल खिला उठी और उसने पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त किया।



बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि चंडिका नगर निवासी 40 वर्षीय नीलू पुरी पति कुबेर पुरी बरही से बस के जरिए कटनी पहुंची थी। बस से उतरने के बाद वह ई-रिक्शा से चंडिका नगर गई थी। चंडिका नगर में ई रिक्शा से उतरते समय उसका एक बैग ई रिक्शा में ही छूट गया। बैग ना मिलने के कारण महिला बौखला गई और वह रोती हुई बस स्टैंड चौकी पहुंची। महिला की पीड़ा जानने के बाद तत्काल ही ई रिक्शा चालक की तलाश में स्टाफ को लगाया गया। कुछ घंटे की मशक्कत के बाद ई रिक्शा को ढूंढ निकाला गया। महिला का गुम हुआ बैग ई रिक्शा में ही सुरक्षित रख पाया गया जिसकी जानकारी ई रिक्शा चालक को भी नहीं थी। ई रिक्शा चालक को चौकी लाने के बाद महिला को उसका बैग सुरक्षित लौटाया गया बैंक में रखा सारा सामान सुरक्षित था। सुरक्षित बाग वापस मिलने के कारण महिला मुस्कुराने लगी और उसने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

बस स्टैंड चौकी पुलिस ने उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में संपादित की। कार्यवाही में बस स्टैंड चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक दीपेंद्र शर्मा, प्रधान आरक्षक नीरज पांडे, आरक्षक रणविजय, नगर सैनिक जयकुमार दहिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

# विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन तथा सी.ई.ओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित होने वाली स्वीप गतिविधियों के तहत मंगलवार को विकासखण्ड बड़वारा स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के दौरान ब्लॉक समन्वय का बड़वारा नंदनी वाटिया के मार्गदर्शन में सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष, बीएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष एवं मेंटर्स द्वारा प्रतियोगिता के दौरान पोस्टर के माध्यम से लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान कर सहभागिता निभाने की अपील करते हुए मतदान के महत्व का संदेश प्रसारित किया गया। प्रतियोगिता के अंत में सभी ने मतदाता जगरूकता के तहत खुद मतदान करने तथा मतदान करने हेतु आसपास के लोगों को प्रेरित करनें की शपथ ली। इस दौरान विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।



### लोगों ने ली मतदान की शपथ

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर प्रस्फुटन ग्राम लदहर में स्वीप प्लान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक नंदिनी वाटिका द्वारा लोगों को मतदान की शपथ दिलाई जाकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महगवां नवांकुर सेक्टर बसाडी संस्था प्रमुख हरभगत सिंह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लदहर से अर्जुन सिंह सहित छात्र छात्राएं व ग्राम प्रस्फुटन समिति की महिलाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### दीवार लेखन से किया जा रहा जागरूक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी स्वीप तथा जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मंगलवार को जिले में घघरीकलॉ, बड़ेरा, टिकरवारा, कैलवारा कलॉ, खम्हरिया आदि ग्रामीण क्षेत्रों की दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारे एवं मतदान की तरीख लिखकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जागरूकता नारों "सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से" एक वोट से होती जीत हार वोट न हो कोई बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है। लोकतंत्र का यही है नारा मतदान करना गर्व हमारा। वोट करें वफादारी से चयन करें समझदारी से आदि लिखकर मतदान की महत्व के बारे में बताया गया।




# एक आटो से शराब और दूसरे से मिले झोले किये गए जब्त, जांच के बाद लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

झिंझरी चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि 1 अप्रैल को एस.एस.टी. चैकिंग नाके पर चैकिंग के दौरान आटो क्रं. MP 21 GB 3886 को रोककर चैक किया गया। जिसमे 240 पेटी अंग्रेजी शराब बियर 2100 लीटर कीमती लगभग 99 हजार 420 रुपये के लोड थे। वाहन चालक द्वारा बताया गया कि वह जबलपुर वेयर हाउस से शराब दुकान के लिये शराब लेकर जा रहा है। चालक ने मौके पर कोई दस्तावेज पेश नही किया। मौके पर एसएसटी टीम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते ही कुछ समय पश्चात वाहन चालक द्वारा वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। दस्तावेज की बारीकी से जांच की गई। आटो में लोड शराब वैध पाए पाये जाने पर आटो चालक को सुपुर्द किया गया।



इसी क्रम में आटो क्रं. MP21G 2143 को रोककर चैक किया गया जिसमे 1229 कि.ग्रा. झोले का कपडा कीमती लगभग 48 हजार रुपये के लोड थे। वाहन चालक द्वारा मौके पर कोई दस्तावेज पेश नही करने पर एसएसटी टीम द्वारा जप्ती पंचनामा तैयार किया गया। कुछ समय पश्चात संबंधित वाहन चालक द्वारा वैधानिक दस्तावेज लाकर प्रस्तुत करने पर सही पाये जाने से उक्त झोले के कटिंग कपडे को वाहन स्वामी के सुपुर्द किया गया।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में अनूप सिंह ठाकुर थाना प्रभारी माधवनगर, महेन्द्र जायसवाल चौकी प्रभारी झिंझरी व एस.एस.टी टीम पीरबाबा के द्वारा आने जाने वाले वाहनों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल व स्टेशनरी का गठजोड़, अभिभावकों की तोड़ रहा कमर

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के स्कूलों में नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है। इसके साथ ही निजी स्कूलों की निर्धारित दुकानों से खरीदी करने दबाव बनाने के मामले सामने आए है। स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए मोहन सरकार ने एक आदेश जारी किया है. जारी आदेश में कहा गया है ।

### जेल में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**दमोह।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजनी जेम्स बेक के निर्देशन में जिला जेल दमोह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश राय, सर्जन डॉ उमेश तंतुवाय, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ हेमराज सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सोमेश मिश्रा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सोनू शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रवीन्द्र कुमार उपस्थित रहे। शिविर में आये चिकित्सकों ने 45 पुरूष बंदियों तथा 09 महिला बंदियों का स्वास्थ परीक्षण किया। चिकित्सकों द्वारा बंदियों को उचित इलाज हेतु मार्गदर्शन एवं दवाएं प्रदान की गई। उक्त शिविर में जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति के निर्देशन में जेल में पदस्थ डॉ एस.एस. भदौरिया, मेल नर्स परवेज अख्तर एवं जेल शिक्षक ऋषिकांत शुक्ला का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक सी.एल. प्रजापति के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### भाजयुमो की लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न

**दमोह।** भाजपा जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए युवा मोर्चा की लोकसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी भाजपा स्थापना दिवस एवं युवा चौपाल, नवमतदाता सम्मेलन की कार्य योजना हेतु बैठक आयोजन किया गया था जिला बैठक में जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, जिला प्रभारी विनोद यादव, लोकसभा विस्तारक बृजेश चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष अरूण तिवारी, जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रभारी सतीश तिवारी, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री राहुल तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य शुभम चौधरी, लोकसभा लोकसभा चुनाव एवं यूथ कनेक्ट चौपाल प्रभारी मयंक तंतुवाय, सह प्रभारी कृष्णांशु गौतम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सागर यश अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही कार्यक्रम का आभार प्रकट जिला महामंत्री कार्तिक शैलार एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर ने किया।

कार्यालय का हाल बेहाल

# जनपद पंचायत कार्यालय में नहीं है पानी के पीने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अप्रैल माह की शुरुआत के साथ ही शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट शुरू हो गया है। जहां पानी की समस्या से निपटने के लिए योजनाएं बनाकर आदेश निर्देश जारी किए जाते हैं। लेकिन जब उसी कार्यालय मैं ही लोगों को पीने के पानी की व्यवस्था न हो तो इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस विकासखंड की ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों का क्या हाल होगा। दरअसल गर्मी की दस्तक शुरू होते ही आप कहीं भी किसी कार्यालय में पहुंचते हैं तो सबसे पहले लोग पानी की व्यवस्था के लिए देखते है क्योंकि गर्मी में पानी ही सर्वोपरि है। लेकिन विकासखंड स्तर का सबसे जवाबदेह कार्यालय जनपद पंचायत ही माना जाता है। जहां पर समूचे विकासखंड के सरपंच सचिव के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो लोग अपने कार्य करने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी यहां रोजाना पहुंचते हैं लेकिन अप्रैल माह के शुरुआत में जहां लोगों को हर घंटे प्यास का एहसास हो रहा है। लेकिन जनपद पंचायत कार्यालय परिसर के किसी भी प्रकार की पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। न हीं कार्यालय के कक्षों में शीतल पेय के घड़े रखे गए हैं और ना ही कार्यालय परिसर मैं किसी भी प्रकार पीने के पानी की व्यवस्था अभी तक बनाई गई। जिससे यहां पहुंचने वाले लोगों व कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी को इसकी कोई परवाह नहीं है क्योंकि वह तो विसलरी का पानी पीते हैं और कुछ देर ही फाइलों पर दस्तखत करनें अपनी सेवाएं प्रदान करते है। जबकि गर्मी के मौसम में कार्यालयों में पानी की व्यवस्था होना बहुत अनिवार्य है।

## धूमधाम से मनाया गया प्रवेश महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



सरस्वती शिशु मंदिर हाइस्कूल जबेरा में प्राचार्य रमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में विद्यालय के प्राचार्य व सभी आचार्यो ने नव प्रवेशित भैया बहिनों व अध्यनरत भैया बहिनों का तिलक लगाकर व मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर विद्यालय में स्वागत किया। इस दौरान जिलांतर प्रवास प्रवेश महोत्सव में विद्याभारती छतरपुर विभाग समन्वयक हरिराम तिवारी का आगमन हुआ जिनका स्वागत आचार्य टेक सिंह ठाकुर ने तिलक लगाकर किया। इसके उपरांत उन्होनें समस्त आचार्यों की बैठक लेते हुए कहा विद्या भारती एक बहुत ही अद्वतीय योजना है। जिसे समझना और समझाना अति महत्वपूर्ण विषय है। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में प्रवेश करवाना भैया बहनों को संस्कारवान शिक्षा देना है। सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य है इसलिए हमें भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए अधिक से अधिक प्रवेश कर अपना सहयोग प्रदान करना है ।

## हाई स्कूल ससना कला ने मनाया प्रवेश उत्सव




**झलौन।** झलौन जन शिक्षण केंद्र के अंतर्गत आने वाली शासकीय एकीकृत शाला ससना कला में एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें ग्राम के ओमकार विश्वकर्मा, मुकेश तिवारी, गोविंद पटेल, पंच रोशनी सेन, ओमकार ठाकुर, बलराम ठाकुर, करीब 25 वरिष्ठ नागरिको की उपस्थिति रही। एकीकृत शालाओं में 80 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश लिया गया। प्रवेश लिए गए नए छात्रों को गुलाल लगाकर एवं पुस्तक वितरण भी की गई जिसमें साल के प्राचार्य रुद्र प्रताप अवस्थी, रूप सिंह ठाकुर एवं सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## कांग्रेसियों ने ली भाजपा की सदस्यता



**हिनौताकला।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सरंक्षण में एवं हटा विधायक उमा देवी खटीक के नेतृत्व में बडी संख्या में क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर अशोक सिंह राजपूत हिनौताकलां को प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, नरोत्तम मिश्रा, एवं सम्मानीय मंत्री जी प्रहलाद सिहं पटेल द्वारा सभी उपस्थित जनों को भाजपा की शपथ पूर्वक सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर उनकी पुत्री इंशु सिंह, के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, पर्व जनपद अध्यक्ष अनुष्का संदीप राय, बद्री व्यास सहित सैकडो कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुये।

## गांव-गांव जाकर बता रहे मतदान का महत्व




**हटा।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गांव गांव जाकर प्रस्फुटन समिति जन अभियान परिषद के जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से शपथ दिलाई जिसमें लोकतंत्र के महापर्व पर अधिक से अधिक मतदान,नव मतदाताओं को अपने मताधिकार का महत्व बताया और लोगो को जागरूक करने का आग्रह किया सामाजिक संगठन नर्मदा माधव युवक मंडल द्वारा प्रस्फुटन ग्राम कुंवरपुर, कौशलपुर में मतदाता जागरूकता 26 अप्रैल 2024 अपने मत प्रयोग करें।इस अवसर पर उमाशंकर कोरी, लक्ष्मी प्रसाद कोरी, प्रदीप कुमार मिश्रा, दशरथ प्रसाद, अशोक विश्वकर्मा,जानकी पटेल, नीता पटेल, संदीप पटेल, गोविंद पटेल,संदीप सिवैयां, रमाकांत रिछारिया, कृपा शंकर कोरी, भगवान दास पटैल, मनीष कुमार पांडे राजाराम तिवारी, कविता पटेल, माया दहायत, सीता पटेल, जावित्री पटेल, कृष्णकांत लखेरा अंजली सिंह,परामर्श दाता शिवानी लखेरा,सुनील सेन,मौजूदगी रही।

## बालक ध्रुव ने पांच महीने की कठोर तपस्या से श्रीहरि से प्राप्त किया था वरदानः पं. रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय सिविल वार्ड 7 में अखण्ड रामायण महिला मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि ध्रुव जी राजा उत्तानपाद के पुत्र थे और उनकी मां सुनीति थी एक समय की बात है राजदरबार लगा था महाराज उत्तानपाद अपनी छोटी रानी सुरुचि एवं उसके पुत्र उत्तम के साथ राजसिंहासन पर बैठे थे तभी पांच साल छोटे से बालक ध्रुव खेलते खेलते दोस्तों के साथ राजसभा में पहुंच गए अपने छोटे भाई उत्तम को पिता की गोद में बैठे देखकर, छोटे ध्रुव भी पिता की गोद में बैठने की इच्छा की। लेकिन सुरुचि इसे कैसे सह सकती थी सुरुचि ने बालक ध्रुव से कहा अरे तुम्हारा यह साहस अगर तुम अपने पिता की गोद में बैठना चाहते है तो तपस्या करके भगवान्‌ को प्राप्त करो भगवान को प्रसन्न करके मेरी कोख से जन्म पाने का अधिकार प्राप्त करे तभी तुम महाराज की गोद में बैठ सकते हो फिर सुरुचि ने ध्रुव जी का हाथ पकड़ कर उन्हें राजा की गोद से दूर कर दिया यद्यपि अबोध बालक ध्रुव ने पूरी बात तो समझ नहीं सके लेकिन उन्हें यह मालूम हो गया कि उसका अपमान हुआ है और वह भगवान को प्राप्त करके ही अपमान से मुक्ति हो सकते है इस बात को समझकर उन्होंने अमोघ भगवत कृपा का अनुभव करने का निश्चय किया अक्सर परेशानियाँ ही हमें भगवान की कृपा प्राप्त करने में मदद करती हैं छोटे से ध्रुव रोते-रोते अपनी माता सुनीति के पास पहुचे सुनीति ने उसकी पूरी बात सुनी और कहा बेटा सचमुच मैं अभागिनी हूँ। लेकिन बेटा तुम्हे बैठना ही है तो भगवान्‌ श्री हरि की गोद के अधिकारी बनो और उन्हें प्राप्त करने के लिए तपस्या करो तुम्हारी छोटी माँ सुरुचि ने सही ही कहा है तुम उनसे कोई बैर मत रखो सच्ची प्राप्ति तो भगवान्‌ को पाना ही है तुम्हारी इच्छा केवल भगवान से पूरी हो सकती है भगवान विष्णु की भक्ति से सब कुछ संभव है कुछ भी ऐसी चीज नहीं है जो भगवान नहीं दे सकते। भगवान विष्णु सब कुछ दे सकते हैं इस बात ने ध्रुव के मन में घर कर गई वह निर्मल हृदय के साथ यह विश्वास कर लिया कि भगवान विष्णु सब कुछ संभव कर सकते हैं ध्रुव जी ने दृढ़ निश्चय के साथ माता सुनीति से निवेदन किया मुझे वन में तपस्या करने की आज्ञा दे बेटा अभी तो तुम बहुत छोटे हो, कुछ बड़े हो जाओ, उसके बाद जाना माता ने ध्रुव को कई बार समझाया लेकिन ध्रुव जी के दृढ़ निश्चय में माँ सुनीति कुछ भी बदल नहीं सकी और आखिरकार माता ने भगवान के कृपा पर पूरा भरोसा रखते हुए बच्चे को वन में जाने की आज्ञा दी ध्रुव माँ से आज्ञा लेकर तपस्या करने वन की ओर चल दिए ध्रुव जी भगवान्‌ कैसे और कहाँ मिलते हैं ध्रुवजी को यह नहीं पता था कि कहां जाना हैं लेकिन वह पूरे दृढ़ निश्चय के साथ वन में चलते गए भगवान की ओर बढ़ते समय ध्रुव को देवर्षि नारद मिले नारद जी ने ध्रुव की पूरी बात सुनी और कहा बेटा तुम अभी बहुत छोटे हो इस उम्र में क्या मान अपमान तुम प्रसन्न रहो और भगवान के द्वारा जैसा निर्धारित होता है, उसमें संतोष करो भगवान से मिलना कठिन होता है और बड़े योगी और मुनि बहुत लंबे समय तक तपस्या करने के बावजूद भगवान के दर्शन को अनेक जन्मों के बाद ही प्राप्त कर पाते हैं देवर्षि की बातों के बावजूद, ध्रुव के निश्चय में कोई बदलाव नहीं हुआ संत आप वास्तव में दयालु हैंआपने जो सलाह दी है वह सचमुच बेहद अच्छी है हालांकि मैं चाहता हूँ कि आप मुझे एक ऐसा मार्ग दिखाएं जिससे मैं भगवान को शीघ्र प्राप्त कर सकूं ध्रुव जी ने देवर्षि से विनम्रता से अपनी बात कही ध्रुव के दिल में कोई डर या संदेह बिल्कुल नहीं था देवर्षि ने ध्रुव की पूरी आस्था को देखकर उन्हें भगवत प्राप्ति का मंत्र देने का निश्चय किया ध्रुवजी पर सन्त कृपा हुई देवर्षि ने उन्हें आशीर्वाद दिया बेटा तेरा कल्याण होगा अब तुम श्री यमुना जी के तट पर जाओ वहां पर निरंतर ओम नमो भगवते वासुदेवाय' इस द्वादश मंत्र का जाप करो दिन में तीन बार यमुना में स्नान करके स्थिर आसन पर बैठ जाना, प्राणायाम करना, अपने मन को शांति और एकाग्रता में रखकर भगवान विष्णु का ध्यान करना ध्रुव जी ने यमुना नदी के किनारे मधुवन में जाकर भगवान का नाम जप करने का निश्चय किया। नारद जी की कृपा से उन्हें आचारविधि का ज्ञान मिल गया था वे दिन-पर-दिन अपने व्रत को और भी कठिन बनाने लगे और निष्काम भाव से भगवान की उपासना करने लगे ओर भगवान को प्राप्त कर लिया.

## एक दिन में बदला बंसीपुर का ट्रांसफार्मर

**बनवार।** जबेरा विद्युत वितरण केंद्र के ग्राम बंशीपुर में 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई बंद होने की वजह से ग्रामीणों को पेयजल जैसी अनेकों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था वावजूद इसके बिजली विभाग के अधिकारी ग्रामीणों की इस समस्या का निराकरण नहीं कर रहे थे ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए विद्युत कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर थे जिसकी खबर 15 दिन से गांव में बिजली बंद ट्रांसफार्मर खराब शिकायत के बाद भी नहीं सुधर रहे अफसर, शीर्षक से खबर प्रकाशित होते ही अधिकारी हरकत में आ गए। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने एक ही दिन में बंशीपुर ग्राम का ट्रांसफार्मर बदल दिया । ट्रांसफार्मर बदले जाने से ग्राम वासियों ने राहत की सांस ली है। बता दें मंगलवार के अंक ट्रांसफार्मर की खबर प्रमुखता पर प्रकाशित की थी। जिसमें 15 दिन से खराब ट्रांसफार्मर की बजह बिजली बंद थी विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खराब ट्रांसफार्मर को बदलना तो दूर कागजी कार्रवाई भी करने को तैयार नहीं थे। ग्राम वासी जनप्रतिनिधि भी शिकायत करके थक चुके। और खराब ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए बकाया बिजली बिल भरने की शर्त रखकर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा था।

## प्रेमलता उपाध्याय की दो किताबों का हुआ विमोचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश लेखक संघ दमोह के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर में विमोचन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर श्याम सुंदर दुबे वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती पुष्पा चिले अध्यक्ष हिंदी लेखिका संघ दमोह रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पी एल शर्मा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार ने की। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए इंजीनियर अमर सिंह राजपूत अध्यक्ष मध्य प्रदेश लेखक संघ ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए, कृतिकार को शुभकामनाएं दीं। पी एस परिहार ने कृति कार प्रेमलता उपाध्याय के साहित्यिक अवदान को संक्षिप्त में प्रस्तुत किया। कृतिकार प्रेमलता उपाध्याय की कृति 'प्रीत की परछाइयां' पर समीक्षा करते हुए डॉ अनिता नायक ने कहा कि, कृति में प्रेमलता जी की अनुभूतियों का राग भाव अनुगूंजित होता है। लेखक ने निज भावों को रोक कर काव्य भाव को प्रगट किया है। प्रीत की परछाइयां मोन की यात्रा है जिस के नव गीतों मैं विरह, प्रेम, और मानवीकरण की अनुभूतियों को साकार किया गया है। द्वतीय कृति,'बावरा मधुमास' पर अपनी समीक्षा करते हुए डॉ कीर्तिकाम दुबे ने कहा कि बिना प्रकृति स्तवन के कवि की मुक्ति नहीं होती। इस काव्य संग्रह में जीवन की संघर्षता के बीच जीवन रागिनी की प्रस्तुति अदभुद है। प्रकृति की अनूठी और चितेरी गायिका है, बावरा मधुमास। पुष्पा चिले ने कहा कि कवि के पास कविता ऐसे आती है जैसे पेड़ों पर नई पत्तियां। लेकिन कवि को उसी तरह संघर्ष सहना पड़ता है जिस तरह पेड़ों को हवा,पानी और धूप सहनी पड़ती है। डॉ श्याम सुंदर दुबे ने कहा कि हम बड़े जटिल समय में कविता लिख रहे हैं। अच्छी कविता को तलासना और तरासना हमेशा जारी रखना चाहिए। इसके लिए रचना के साथ आत्म चिंतन भी आवश्यक है। अपनी कृति में लेखिका ने दर्द के साथ उससे उबरने का बिम्ब उकेरा है। डॉ पी एल शर्मा ने कहा कि नव गीत संग्रह गीत की कसौटी पर खरा उतरता है। गीतों में आत्म विश्लेषण गहराई से मौजूद है। जो पाठक से सीधा संबंध स्थापित करेगा। इन गीतों में लयात्मकता के साथ छंद अनुशासन उन्हें विशिष्टता प्रदान करता है। कला पक्ष और भाव पक्ष की बेजोड़ता दोनो कृतियों को विशिष्ट बनाती है। रामकुमार तिवारी ने अतिथियों सहित सभी का आभार माना। कार्यक्रम में ठा नारायण सिंह, डॉ रघुनंदन चिले, एन एस ठाकुर, रमेश व्यास, ओजेंद्र तिवारी, डॉ अनिल जैन, मंजु राजपूत, विमला तिवारी, भावना शिवहरे, आराधना राय, कुशुम खरे, सदन नेमा, दिनेश राही, पीसी शर्मा, नरेंद्र अरजरिया के साथ भारी संख्या में लोग और परिजन मौजूद रहे। संचालन बी एम दुबे ने किया।

## सीईओ ने किया कम्युनिकेशन प्लान प्रशिक्षण का निरीक्षण



दमोह।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री अर्पित वर्मा ने आज पथरिया विधानसभा के अंतर्गत एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जिसमें लगभग 250 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं लोकसभा निर्वाचन के कम्युनिकेशन नोडल अधिकारी ने मतदान की एक दिन पहले और मतदान के दिन होने वाली कार्यवाहियों के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को विधिवत जानकारी देते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी पूरे मनोयोग के साथ निर्वाचन कार्य करें। उन्होंने कहा कि जो प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की मन में शंका है, उसे तुरंत दूर करें जिससे कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की गलतियों की कोई संभावना न रहे। मुख्य कार्यपालिका अधिकारी श्री वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को चुनाव की बारिकियो को समझाते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला है, जो नागरिकों को अपने देश के भविष्य को आकार देने की शक्ति प्रदान करते हैं। वे व्यक्तियों को अपने नेता चुनने, निर्णय लेने में भाग लेने और सत्ता का शांतिपूर्ण परिवर्तन सुनिश्चित करने में सक्षम बनाते हैं। चुनाव सरकार और उसके नागरिकों के बीच सार्वजनिक भागीदारी, जागरूकता और विश्वास को बढ़ावा देते हैं। प्रशिक्षण में सहायक नोडल प्रशांत सिंह ठाकुर, विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सरिया, मनोज राज, राखी याग्निक, अनुराग सोनी, राम उपाध्याय सहित कम्युनिकेशन टीम उपस्थित रहे।

## सत्र के प्रथम दिन विद्यालयों में उपस्थिति रही कम

**दमोह।** 01 अप्रैल से शैक्षणिक सत्र 2024- 25 की शुरुआत हो चुकी है। प्रथम दिन प्रवेश उत्सव कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में मनाया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने शासकीय हाई स्कूल खोजा खेड़ी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया व माध्यमिक कन्या शाला पथरिया में पहुंचकर प्रवेश उत्सव का निरीक्षण किया। शासकीय हाई स्कूल खोजा खेड़ी में कक्षा दसवीं के कुल आठ बच्चे उपस्थित थे, जबकि कक्षा नवमी का कोई विद्यार्थी विद्यालय में उपस्थित नहीं मिला। इसी तरह उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया में लगभग 1000 से अधिक बच्चे अध्यापन करते हैं लेकिन निरीक्षण के दौरान मात्र 50 बच्चे ही उपस्थित थे। उपस्थित विद्यार्थियों को सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा द्वारा पुस्तकों का वितरण किया गया। उन्होंने प्राचार्य सहित शिक्षकों को निर्देशित किया कि आगामी एक-दो दिन में उपस्थिति अनिवार्य रूप से बढ़ जानी चाहिए, उपस्थिति पंजी का निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि भृत्य जीवन रैकवार बिना किसी आवेदन के विद्यालय में अनुपस्थित है, जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री वर्मा द्वारा कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कन्या माध्यमिक शाला पथरिया में मध्यान्य भोजन का अवलोकन किया तथा स्वयं भोजन को चखकर गुणवत्ता का परीक्षण किया। विद्यार्थियों से बात की विद्यार्थी भी भोजन से संतुष्ट नजर आए। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा मोहन राय की उपस्थिति रही।

## पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत लोकसभा निर्वाचन संसदीय क्षेत्र 07-दमोह के विधानसभा क्षेत्र 038-देवरी, 039-रहली, 042-बण्डा, 053-मलहरा, 054-पथरिया, 056-दमोह, 056-जबेरा एवं 057-हटा में निर्वाचन हेतु नियुक्त किये गये सामान्य प्रेक्षक श्री सीरम संबाशिव राव (आई.ए.एस.) 04 अप्रेल से 04 जून 2024 तक एवं पुलिस प्रेक्षक श्री शिव चरण (आई.पी.एस.) 04 अप्रेल से 26 अप्रेल 2024 तक के लिये नियुक्त किये गये है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने जिला आबकारी अधिकारी एवं नोडल अधिकरी (प्रेक्षक व्यवस्था) लोकसभा निर्वाचन-2024 रविन्द्र खरे से कहा है लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07-दमोह में पहुंचने वाले ऑब्र्जवरों की आगमन सूचना निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर आयोग को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक आज

**कुंडलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के कुंडलपुर में बड़ी संख्या में विराजमान शिष्यों के सानिध्य में भगवान आदिनाथ जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाने का मंगल अवसर प्राप्त हुआ है ।प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांतिधारा ,पूजन, विधान होगा। मुनिसंघ के मंगल प्रवचन का लाभ प्राप्त होगा। सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना, पूज्य बड़े बाबा की महाआरती होगी ।कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुंडलपुर पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

### कारण बताओ आरोप पत्र जारी

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के संचालन हेतु कलेक्टर कार्यालय के संशोधित आदेशानुसार ऑफ लाईन शिकायत, कॉल सेंटर 07812-224045, 1950 मतदाता सहायता केन्द्र अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष 03 स्थैतिक निगरानी दल टीम हेतु बनाये गये चैक पोस्ट पर स्थापित किये गये वीडियो कैमरा की निगरानी के दायित्व में लापरवाही एवं उदासीनता बरते जाने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील)-1966 के तहत लोक निर्माण विभाग दमोह के सहायक ग्रेड-3 अजय कुमार सोनी को कारण बताओ आरोप पत्र जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित कर्मचारी अपना उत्तर आरोप पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करे, समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

### निजी विद्यालय से संबंधित शिकायत का समिति करेगी निराकरण

**दमोह।** छात्रों के अभिभावकों/पालकों को जिले में स्थित किसी निजी विद्यालय की फ़ीस या अन्य संबंधित विषयों यथा कॉपी - किताबें, यूनिफार्म शिक्षण सामग्री आदि पर कोई शिकायत/ समस्या हो तो उन्हें अपना लिखित आवेदन जिला समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। जिला समिति द्वारा निजी विद्यालय ( फीस तथा अन्य विषयों का विनियमन) अधिनियम एवं इसके अंतर्गत बने नियमो में वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इस आशय के आदेश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जारी किए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने एक समिति का गठन किया है। समिति में कलेक्टर अध्यक्ष तथा जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। इसी प्रकार जिला कोषालय अधिकारी तथा जिला कलेक्टर द्वारा नाम निर्दिष्ट सहायक संचालक से अनिम्न स्तर के अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र दमोह श्री मुकेश कुमार द्विवेदी सदस्य होंगे। उन्होंने कहा है अभिभावक /पालक अपना लिखित आवेदन कार्यालयीन दिवसों में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, जिला समिति ( फीस एवं अन्य विषयों का विनियमन) कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कलेक्टोरेट परिसर दमोह में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर या डाक से अपना आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।

### सीएम राइज मॉडल स्कूल में जन्मोत्सव मनाया

**पथरिया।** सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल पथरिया लिपिक उदित का जन्मोत्सव संस्था के प्राचार्य के.पी.बिदोल्या व स्टाफ के द्वारा केक काटकर व पुस्पगुछ भेंट कर तिलक लगाकर मनाया गया साथ ही उक्त जन्मदिवस के उपलक्ष्य में दाल बाटी कार्यक्रम रखा गया।

## मालगाड़ी खड़ी होने पर यात्रियों को जान जोखिम में डालकर निकालना पड़ता है पटरियों से

# घटेरा में नहीं है फुट ओवर ब्रिज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा विधानसभा क्षेत्र के एकमात्र रेलवे स्टेशन घटेरा से कटनी एवं दमोह की ओर जाने के लिए घटेरा के आसपास ग्रामीण क्षेत्रो सहित बनवार चौबीस क्षेत्र के यात्री यात्रा करने के लिए पहुंचते हैं । लेकिन फुट ओवर ब्रिज की सुविधा अब भी रेलवे स्टेशन घटेरा में नहीं होने के कारण यात्रियों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हालात यह है कि अपनी जान जोखिम में डालकर रेल पटरी को पार पड़ता है क्योंकि ऊंचाई वाले प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ियों के नीचे से निकलने के लिए मजबूर है। कटनी बीना रेलसेक्शन के रेलवे स्टेशन घटेरा में जहां पूर्व में अप और डाउन रूट के चार प्लेटफार्म थे,वहीं अब तीसरी रेल लाइन डालने के एक और प्लेटफार्म की संख्या बढ़ गई है। एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म जाने के लिए रेलवे विभाग द्वारा सेक्शन के छोटे-छोटे रेलवे स्टेशनों में भी फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे यात्रियों को पटरी पार न करना पड़े और एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पहुंचने में यात्रियों को सुविधा हो सके,लेकिन रेलवे स्टेशन घटेरा में जिस कंपनी के द्वारा फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। उस कंपनी द्वारा बीते कुछ माह से फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। ऐसे मंज घटेरा के प्लेटफार्म क्रमांक 1 जो निर्माण के बाद ऊंचाई बड़ जाने से और उसी प्लेटफार्म पर मालगाड़ियों के खड़े होते ही यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अप रूट की मील लाइन पर एवं डाउन रूट की पैसेंजर ट्रेनों से जाने और उतरने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म एक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से निकलते समय घायल हो जाते है और फिर ऊंचे प्लेटफार्म पर चढ़ने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्गों,बच्चों एवं महिलाओं को मालगाड़ी के नीचे से निकलकर ऊंचे प्लेटफार्म पर चढ़ने और उतरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसके बाद भी अब तक फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य को करने में अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## घर में सो रही बच्ची व किसान सहित मवेशियों पर सियार ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत बीजाडोंगरी तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आज जंगली सियार के हमले से पूरे गांव में कोहराम मच गया। जंगली सियार ने खेत में काम कर रहे किसान घर में सो रही बच्ची सहित मवेशियों पर हमला बोल दिया। सियार के हमले में शिव सिंह लोधी उम्र 55 वर्ष मुन्ना रैकवार की 4 वर्षीय पुत्री दुर्गा रैकवार हल्की बाई उम्र 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुए हैं जंगली सियार ने पहले तो खेत में काम कर किसान पर हमला बोला। फिर एक महिला को घायल करते हुए बस्ती के अंदर पहुंचा। जहां पर घर की दहलान में सो रही 4 वर्षीय मासूम को घायल कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा सियार को जैसे तैसे करके बस्ती से खदेड़ा गया। तो रास्ते में चार मवेशियों को हमला करके घायल कर दिया। बताया जाता है पागल सियार के हमले से गांव में दहशत बनी हुई क्योंकि सियार इंसान बच्चो पशुओं सब पर हमलावर है जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे को दी गई। इसके बाद तेजगढ़ रेंज भैंसखार बीट गार्ड सुरेंद्र अहिरवार डिप्टी रेंजर नेक नारायण खरे गांव पहुंचे और सियार के हमले से घायलों का पंचनामा कार्यवाही करते हुए उपचार के लिए भेजा गया है वही वन्य जीव के हमले से राहत उपचार की अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## मांगः सभी विद्यालय सुबह की पाली में ही संचालित किए जाये

**दमोह।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ हमेशा शिक्षको और बच्चो से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठने वाला एकमात्र संगठन है। बच्चो को इतनी भीषण गर्मी में दिन की पाली में शाला में उपस्थित रहना कष्टदायक है। इस विषय को लेकर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉश्री क्षत्रवीर सिंह राठौर, राकेश गुप्ता प्रांतीय महामंत्री सहित प्रांतीय पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने माननीय शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मध्यप्रदेश शासन से भोपाल में मुलाकात की। मौसम के इस प्रतिकूल स्थिति में बच्चो और शिक्षको की समस्या से माननीय शिक्षामंत्री जी को अवगत कराया। इस संबंध में शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा जिला स्तर से प्रस्ताव मंगाकर उन्हे अनुमति देने का कार्य किया जा रहा है। इसकीर तहत अनेक जिला आदेश जारी कर चुके है, दिनांक 01 अप्रैल को जिला दमोह हेतु आगामी 05 अप्रैल से जिला दमोह में सुबह की पाली में विद्यालय संचालित करने की सहमति प्रदान की गई। चूंकि भीषण गर्मी का प्रकोप मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में एक समान हो रहा है। इस परिस्थिति को देखते हुए प्रदेश स्तर से समूचे मध्यप्रदेश में एक साथ समस्त विद्यालय सुबह की पाली में संचालित करने का आग्रह किया गया। जिस पर माननीय शिक्षा मंत्री महोदय द्वारा सकारात्मक व सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।



## दिव्यांग जागरूकता रैली निकली

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जिले में निरंतर चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज कलेक्टर कार्यालय परिसर से दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिव्यांग जागरूकता रैली को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट से बेलाताल, पुलिस पेट्रोल पंप, तहसील ग्राउंड से होते हुए कीर्ति स्तंभ पहुंचकर पुनः वापस लौटी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की एक लंबी श्रृंखला दमोह में चलाई जा रही है, इसको स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा लीड कर रहे है।




## सी-विजिल एप से हो रहा शिकायतों का निराकरण

**दमोह।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। 28 मार्च तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 529 शिकायतें प्राप्त हो चुकीं हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।

## देश में बीजेपी और धोखा एक दूसरे के पर्यायः जीतू पटवारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष और कई वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी तरवर सिंह लोधी का नामांकन दाखिल करने से पहले नीलकमल गार्डन में एक जनसभा का आयोजन किया गया जहां, जीतू पटवारी ने भाजपा पर निशाना साधा और भाजपा को धोखा बताया। मीडिया से चर्चा के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि इस देश में बीजेपी और धोखा एक दूसरे के पर्याय हैं। एक तरफ सेवादार और अच्छे मन का ईमानदार चुनाव मैदान में है और दूसरी तरफ बिकाऊ और लोभी, जिसने अपना परिचय बेईमानी का दिया है। ये चुनाव ईमानदार और बेईमानी के बीच है। दमोह की जनता से मेरा आग्रह है कि मैंने पांच सवाल किए हैं। पहला आपके बच्चों को रोजगार क्यों नहीं और बीजेपी के बच्चों को रोजगार क्यों? जिले से पलायन क्यों हो रहा है। रेलवे की व्यवस्थाएं क्यों दुरुस्त नहीं है। दमोह का एक तालाब उसकी भी अभी तक सफाई क्यों नहीं हो सकी। किसानों को फसलों के सही दाम क्यों नहीं मिल रहे। ये सवाल आपके घरों में है और वोट देते समय याद रखना, खासकर संविधान से प्यार करने वाले लोग।

### यह चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव

**दमोह।** लोकसभा क्षेत्र की आठो विधानसभा से आये कांग्रेस प्रत्याशियों ब्लाक अध्यक्षों के साथ आये हजारो कांग्रेसजनों को किल्लाई नाका स्थित गार्डन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव विकाउ और टिकाउ के बीच है भाजपा के लोग हर जगह मोदी की गारंटी की बात करते है किन्तु भाजपा के जो प्रत्याशी है उनकी क्या गारंटी है कि वह आपकी पार्टी कब तक रहेगे। कांग्रेस युवाओं को रोजगार से महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का काम करेंगी। भगवान राम इनमें नही, हम सबके आराध्य है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सी.पी. मित्तल ने भी अपनी बात रखी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतन चंद जैन ने कहा कि दमोह संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री रहकर यहॉ के सांसद एक भी नई ट्रेन नही ला पाये। केवल बेला ताल में घुसकर सफाई करने का प्रर्दशन करते रहे। पूर्व मंत्री मुकेश नायक, राजा पटेरिया, हर्ष यादव, सुरेन्द्र चौधरी, विधायक रामसिया भारती ने कहा कि तरवर का अर्थ है वृक्ष जो वृक्ष हमें फल देते है शीतलता देते है। भाजपा के पास अनेको कद्दावर नेता थे किन्तु उन्होंने दलबदलु पर ही विश्वास कर उसे टिकिट दिया किन्तु आम जनता उसे फिर सबक सिखायेगी। तत्पश्चात समस्त कांग्रेसजन किल्लाई नाका से बस स्टेण्ड, घंटाघर, अंबेडकर चौक से पुनः किल्लाई नाका पहुंचे।

## नालियां चोक होने से गलियों में भरा गंदा पानी, पंचायत कर्मी बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहपुर



बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत फतेहपुर में चौराहा नन्ही खेर माता के यहां स्वच्छता अभियान का माखौल उड़ाया जा रहा है। पंचायत कर्मी स्वच्छता के नाम पर राशि जरूर आहरण कर रहे हैं। फतेहपुर पंचायत में एक भी ऐसी गली नहीं जहां पर पर्याप्त सफाई हो। गंदगी के बीच ग्रामीण जीवन यापन करने को मजबूर हैं। साथ ही बीमारियां फैलने का भी संदेशा बना रहता है। जहां-तहां कचरे के ढेर एवं गलियों में गंदा पानी भरा नजर आ रहा है। वही मच्छरों की आतंक से ग्रामीणों का सोना हराम हो रहा है गांव की सड़क जर्जर है और बड़े-बड़े गड्ढे जिसमें नाली का गंदा पानी जमा है। इसमें हादसे भी हो सकते हैं। खासकर बच्चे एवं बुजुर्गों की आवाजाही में बड़ी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गुड्डु खान जनपद सदस्य कुंदन आदिवासी, डॉक्टर कलीम पठान, पत्रकार गनेश राय, विनोद साहू, धर्मेंद्र साहू, आनंद तिवारी, संजय तिवारी ने बताया की पंचायत द्वारा पानी की निकासी के लिए नालियां बना दी पर सफाई नहीं की जाती जिसमें नालियां चोक हो गई। बरसों पहले बनाई गई सीसी सड़क भी उखड़ गई अब सिर्फ गड्ढे नजर आ रहे हैं। जिसमें नालियों का गंदा पानी जमा है। यहां का मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया जिसमें आना-जाना हो रहा है। कीचड़ होने से वाहन चालक फिसल कर गिरते हैं। मार्ग की यह स्थिति है की पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है। गड्ढों में गंदा पानी भरा रहने से गांव में बीमारियां फैल रही है। फतेहपुर गांव मैं 100.200. लोग वा छोटे-छोटे बच्चे मलेरिया के शिकार हो गए हैं। इस संबंध में जब फतेहपुर सचिव जुगराज लोधी से बात करनी चाहि तो वह भ्रष्टाचारी में इतने लीन हैं कि उन्हें फोन उठाने का टाइम नहीं है।

## मुनि संघ का हुआ मंगल प्रवेश 56 आर्यिका ने की आगवानी



**दमोह।** महासमाधिधारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य पण्पूण्आचार्य श्री समयसागर जी मुनिराज के आज्ञानुवर्ती पण्पूण मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज पण्पूण मुनिश्री आगम सागर जी महाराज पण्पूण मुनिश्री पुनीत सागर जी महाराज पण्पूण मुनिश्री भावसागर जी महाराज पण्पूण मुनिश्री निरापद सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश श्री दिगंबर जैन मंदिर दमोह; मध्य प्रदेशद्ध में 02 अप्रैल 2024 को प्रातः काल की वेला में हुआ जगह.जगह पाद प्रक्षालन हुआ। आरती उतारी गई। आचार्य श्री की महापूजन हुई। आर्यिका श्री गुरु मति माताजी ससंघ ने आगवानी की। 56 आर्यिका ने की आगवानी- इस अवसर पर इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए आर्यिका श्री गुरु मति माताजी ने कहा कि आचार्य श्री दमोह को कुंडलपुर का प्रवेश द्वार कहते थे ए गुरुओ की महा कृपा से हम धूल साफ कर सकते हैं। ए और वाणी को आचरण में ला सकते हैं। ए मुनि श्री निरापद सागर जी ने कहा कि जो योग और उपयोग को कंट्रोल कर लेता है उस साधक को सिद्धियां हासिल हो जाती हैं।

## बाघिन कजरी ने हांडीकाट में किया मवेशी का शिकार

### रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमाओं से सटे गांवों में दिन रात बाघों की दहाड़ से भयभीत हो रहे हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



बीते दिनों वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बांधवगढ़ से आई बाघिन एन-4 कजरी को टाइगर रिजर्व के डोंगरगांव रेंज के जंगल में छोड़ा गया, जबकि बाघ एन-5 को इसी से लगे सर्रा रेंज के जंगल में छोड़ा है। बीते दो दिन पहले ही बाघिन कजरी ने हांडीकाट में एक नाले के पास मवेशी का शिकार किया। हालांकि विभाग को शिकार के बाद से ही उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी खाई या गुफा में आराम कर रही है। पास के जंगल में छोड़ा गया बाघ एन-5 बेचैनी की हालत में टेरेटरी बनाता नजर आ रहा है। वह घूमते वक्त पेड़ों को चाट रहा है। विभाग द्वारा बाघ-बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उनकी गतिविधियों को गोपनीय रखा जा रहा है। बताया गया है कि बाघिन कजरी गांवों के पास रहने की शौकीन है। ग्रामीणों से उसका कई बार सामना हुआ और ग्रामीणों ने ही उसका नाम कजरी रखा था। ग्रामीणों के गुस्से के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने कजरी को पिछले साल नवंबर में बाड़े में कैद कर दिया था, जबकि कजरी के दो वर्ष उम्र के तीन शावक भी हैं। बताया गया है कि बाघों का ज्यादातर मूवमेंट दमोह और सागर जिले के क्षेत्र में है। डोंगरगांव रेंज के हांडीकाट आमापानी, महका, बंदहा सहित 10 गांव अभी खाली हुए हैं। इसी से लगे हुए सर्रा रेंज के भी कुछ गांव खाली हुए हैं। गांव खाली होते ही यहां बाघ- बाघिन का जोड़ा छोड़ा गया है। यह इलाका रिजर्व की जीवन दायिनी कही जाने वाली व्यारमा नदी का उद्गम स्थल है। जहां मैदानी इलाका होने के साथ ही चट्टानी पहाड़ व घना जंगल है। जहां पर इस समय बाघ व बाघिन कजरी का मूवमेंट चल रहा है और व्यारमा नदी किनारे व आसपास अपना शिकार कर रही है। बताया गया है जिस स्थान पर बाघिन कजरी का मूवमेंट है, वह क्षेत्र सर्रा रेंज दमोह जिले की सीमा में फैला हुआ है।

### दिन में दहाड़ सुन सहम जाते हैं ग्रामीण

रिजर्व के अंदर बसे व सीमाओं से सटे गांव के लोग बाघों की दहाड़ से इस समय भयभीत हैं। रात के समय बाघ की दहाड़ सुनाई देने से उन्हें बाघ के गांव में घुसने का अहसास होता है, जिससे वे अपने गौवंश को बचाने में जुट जाते हैं। दरअसल रिजर्व में बाघों का विचरण क्षेत्र बढ़ गया है। बाघों ने टाइगर रिजर्व की सीमाओं तक तथा टाइगर रिजर्व के अंदर बसें गांवों के आसपास अपनी टेरेटरी बना ली है। ऐसे में इन गांवों में रात ही नहीं, बल्कि दिन में भी बाघ की दहाड़ सुनाई देती है। रात के समय बाघ की दहाड़ सुन ग्रामीण सहम जाते हैं।

## 12 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**दमोह।** थाना बटियागढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही 12 साल से फरार चल रहे वारण्टी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं माननीय चुनाव आयोग द्वारा आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये स्थाई वारण्टों की तामीली के संबंध में दिये गये दिशा निर्देशो के पालन मे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय पथरिया के मार्गदर्शन में व दिशा निर्देश के पालन मे थाना प्रभारी बटियागढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर दिनांक 02.04.2024 को थाना बटियागढ़ पुलिस द्वारा 12 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारण्टी बबलू उर्फ बल्लू पिता स्व. तांतू जोगी उम्र 35 साल निवासी ग्राम घनश्यामपुरा थाना बटियागढ़ जिला दमोह हाल ग्राम ककरवाहा थाना बड़ागाँव (धसान) के माननीय न्यायालय द्वारा जारी 03 किता स्थाई वारण्ट तामील कर उपरोक्त वारण्टी मय वारण्ट के गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वालों में निरी. नेहा गोस्वामी (थाना प्रभारी बटियागढ़), सहा.उप. निरी. बालमकुन्द सिंह, प्र.आर. भूपेन्द्र पटेल, प्र.आर.नीरज रावत, प्र.आर. राकेश अठ्या, आर. अक्षय मिश्रा, आर. पवन तिवारी की अहम भूमिका रही।